# कार्यालय–निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर

क्रमांक :–शिविरा/माध्य/छात्रोप्र/स–2/60115/इन्सपायर अवार्ड/2022–23/82-83 दिनांक : 09.01.2023

**समस्त जिला शिक्षा अधिकारी**
**माध्यमिक (मुख्यालय)**

**विषय :–** इन्सपायर अवार्ड–मानक योजना 2021–22 की जिला स्तरीय प्रदर्शनी (DLEPC) आयोजन एवं व्यय के सम्बध में दिशानिर्देश।
**प्रसंग :–** इस कार्यालय के पत्र दिनांक 05.01.2023

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं प्रासंगिक पत्र के क्रम मे लेख है वर्ष 2021–22 की INSPIRE AWARDS-MANAK SCHEME (Million Minds Augmenting National Aspiration and Knowledge) की जिला स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी (DLEPC) के आयोजन हेतु दिनांक 05.01.2023 को निर्देश जारी किये गये थे । जिला स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी (DLEPC) आयोजन एवं व्यय के सम्बन्ध में निम्नानुसार निर्देशों की पालना करना सुनिश्चित करें:–

- जिला स्तरीय प्रदर्शनी (DLEPC) आयोजन हेतु 2000 रू. प्रति विद्यार्थी अधिकतम बजट जारी किया गया है, यह बजट अधिकतम 3 दिवस के लिए जारी किया गया है। इस बजट का व्यय अनुपातिक रूप से किया जाना है। अतः एक दिवस के लिए 670 रू. प्रति विद्यार्थी व्यय किया जाना है।
- जिला स्तरीय आयोजन (DLEPC) हेतु निम्न बिन्दुओं की पालना की जानी आवश्यक है :–

1. जिला स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी में चयनित विद्यार्थियों को प्रदर्शनी स्थल तक आने व जाने का किराया एवं मॉडल बनाने का व्यय इन्सपायर आवार्ड राशि 10,000/– रूपये में सम्मिलित है।
2. सभी चयनित विद्यार्थियों (छात्र/छात्राओं) के साथ–साथ प्रभारी अध्यापकों, आयोजन में डयूटी पर लगे अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए आवास, चाय, नाश्ता, भोजन की उत्तम व्यवस्था की जावे।
3. छात्र–छात्राओं के आवास की व्यवस्था की जावे जिसमें छात्र छात्राओं को अलग–अलग भवनों (बिल्डिग) में ठहराया जावे जहां स्वच्छ शौचालय, स्नानागार, पर्याप्त स्पेस वाले कक्ष, सर्दी के हिसाब से साफ सुथरे गर्म बिस्तर व गर्म पानी की व्यवस्था हो ।
4. सम्पूर्ण प्रदर्शनी की प्रतिदिन की वीडियोग्राफी व फोटो ग्राफी करवाई जानी है।
5. जिले व जिले के बाहर से आने वाले नियुक्त जूरी सदस्यों को यात्रा व दैनिक भत्ता भी दिया जाना है तथा भोजन एवं आवास की व्यवस्था की जानी है।
6. प्रदर्शनी हेतु लाईट, स्टॉल, पर्दे, टेबल आदि की समुचित व्यवस्था की जानी है, जिससे विद्यार्थी अपने मॉडल अच्छी तरह प्रदर्शित कर सके।
7. आयोजन में काम आने वाली स्टेशनरी, प्रिंटिग कार्य, फोटो कॉपी आदि पर व्यय एवं अन्य विविध व्यय भी इसी राशि में सम्मिलित है।
8. यदि चयनित विद्यार्थी दिव्यांग है तो विद्यार्थी के साथ एक अभिभावक की भी भोजन एवं आवास की व्यवस्था की जावे।
9. **इस बात को सुनिश्चित करें की आयोजन का समस्त व्यय प्रति विद्यार्थी प्रतिदिन अधिकतम आंवटित राशि के अनुसार ही करना है। इससे अधिक व्यय का भुगतान किसी भी परिस्थिति में नहीं किया जायेगा।**
10. जिला स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी (DLEPC) इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी सम्पन्न हो जाने के पश्चात् राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र (U.C.), प्रर्दशनी के पांच समेकित फोटोग्राफ, प्रतिभागी विद्यार्थियों के पंजीकरण रजिस्टर की फोटोप्रति (उपस्थिति मय हस्ताक्षर) निदेशक,माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर को 05 दिवस में उपलब्ध करवाएंगे।
11. **समस्त प्रकार के व्यय, सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के अनुसार एवं शासन द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों एवं परिपत्रों के अनुरूप निर्धारित सीमा में किया जावें।**

- इन्सपायर अवार्ड मानक योजना 2021–22 में चयनित विद्यार्थियों के बैंक खातो में प्रति विद्यार्थी 10,000/– रूपये स्थानान्तरित कर दिये गए है। अब तक जिन विद्यार्थियों को खाते में पुरस्कार राशि 10000 /– रूपये किसी कारण से नहीं मिले है, उन समस्त विद्यार्थियों की नोमिनेशन के

समय दी गई अपनी प्रमाणित ईमेल पर DST/NIF कार्यालय की ईमेल-inspire.award@nic.in द्वारा अवगत करवा दिया गया है, वो निम्नानुसार कार्यवाही करें:—

**"अपने पूर्व में दिये गए खाता न. वाले खाते का 15 अक्टूबर से 15 दिसम्बर तक के स्टेटमेन्ट की प्रति एवं वर्तमान में कार्यरत उस बैंक का नाम एवं बैंक खाता संख्या, आईएफएससी कोड एवं खाताधारक छात्र/छात्रा के नाम स्पष्ट अंकित हो एवं पासबुक का प्रथम पृष्ठ या अन्य प्रमाणित दस्तावेज एवं अब तक पैसा न मिलने का कारण लिखते हुए पुरस्कार राशि मांगने का प्रार्थना पत्र जो संस्था प्रधान द्वारा प्रमाणित हो, यह समस्त प्रकिया विद्यार्थी की नोमिनेशन के समय दी गई अपनी प्रमाणित ईमेल से DST/NIF कार्यालय की ईमेल-inspire@nifindia.org पर ईमेल करवाना सुनिश्चित करें अथवा विद्यार्थी उपर्युक्त प्रार्थना पत्र के साथ प्रमाण पत्र/स्टेटमेन्ट संलग्न कर अपने जिले के जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक कार्यालय की ईमेल से DST/NIF कार्यालय की ईमेल-inspire@nifindia.org पर ईमेल करवाना सुनिश्चित करें"।**

प्रभारी अधिकारी
छात्रवृति अनुभाग
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

**प्रतिलिपि** :—निम्नलिखित की सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :

1. संयुक्त सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, नया मेहरोली मार्ग, नई दिल्ली ।
2. समस्त संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को प्रभावी प्रबोधन हेतु।
3. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा को प्रभावी प्रबोधन हेतु।
4. अनुभाग अधिकारी कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करवाने बाबत्।
5. रक्षित पत्रावली

प्रभारी अधिकारी
छात्रवृति अनुभाग
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते